LIFESAVING SOCIETY
*The Lifeguarding Experts*

# इस गर्मी नए कैनेडियन्स को स्टार्ट बोटिंग के लिए प्रोत्साहन मिला

लाइफसेविंग सोसाइटी ने कई भाषाओं में, ऑनलाइन बोटिंग सेफ्टी प्रोग्राम लांच किया

टोरंटो, ऑन- 20 जुलाई, 2017-द लाइफसेविंग सोसाइटी, कनाडा की प्रमुख संस्था जो डूबने से बचाने के लिए जिम्मेदार है, ने एक नया ऑनलाइन बोट सेफ्टी प्रोग्राम लांच किया है जो नाव चलाने वाले नए लोगों के लिए है, विशेष रूप से नए कैनेडियन्स के लिए जो पहली बार मनोरंजन के लिए नाव चलाने का अनुभव कर रहे हैं। स्टार्ट बोटिंग नाव चलाने और पानी में सेफ्टी स्किल्स की बुनियादी शिक्षा देने के लिए बनाया गया एक व्यापक प्रोग्राम है। यह प्रोग्राम आज अंग्रेजी, फ्रेंच, मैंडारिन, और कैंटोनीज में लांच होगा जिसके बाद अगस्त की शुरुआत में हिंदी और टगालोग में लांच किया जाएगा।

इस प्रोग्राम में ऑनलाइन, इंटरेक्टिव वीडियोज की श्रृंखला शामिल है, जो यूजर को नाव चलाने के एक सुरक्षित दिन का आनंद लेने के लिए आवशयक बुनियादी बातों के बारे में गाइड करेगी। हालाकि यह सभी नाव चलाने वालों के लिए उपयुक्त है, यह प्रोग्राम कनाडा में बढ़ती इमिग्रेंट जनसंख्या, विशेष रूप से नए आनेवाले परिवारों को ध्यान में रख कर बनाया गया है।

जुलाई 2015 और जुलाई 2016[1] के बीच कनाडा में आने वाले इमिग्रेंट्स की रिकॉर्ड संख्या (320,032) दर्ज हुई थी, और स्टैटिसटिक्स कनाडा की हाल ही में किए अध्ययन में यह अनुमान लगाया है कि 2036[2] तक लगभग दो में से एक कैनेडियन या तो इमिग्रेंट हो सकता है, या इमिग्रेंट्स के बच्चे हो सकते हैं।

"कई नए कैनेडियन्स ऐसे देशों से आए हैं जहां वे मनोरंजन के लिए तैराकी और नाव चलाने जैसी गतिविधियों में भाग नहीं लेते हैं, बारबरा बायर्स, लाइफसाइविंग सोसाइटी की पब्लिक एजुकेशन डॉयरेक्टर ने कहा। "जब वे कनाडा आते हैं, जहां पानी में होने वाली गतिविधियां बेहद लोकप्रिय हैं, वे उसमे भाग लेना चाहते हैं, लेकिन उनमें हमेशा ऐसा ज्ञान या स्किल्स नहीं होते हैं जिससे वे सुरक्षित रहें। हमने इस प्रोग्राम को कई भाषाओं में बनाया है क्योंकि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि पानी में कदम रखने से पहले यह उन तक पहुंच सके ताकि वे तैयार रहें। "

यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि लाइफसेविंग सोसाइटी द्वारा किए गए शोध से पता चला है कि जहां अधिकतर लोग पानी या इसके आसपास समय व्यतीत करने की योजना बनाते हैं, वहीं कनाडा में पांच साल या इससे कम समय के लिए रहने वाले नए कनाडियंस के, कनाडा[3] में पैदा होने वालों की तुलना में चार गुणा ज्यादा, तैरने में असमर्थ होने की संभावना होती है। इससे पता चलता है कि उनके डूबने का खतरा ज्यादा रहता है।

## मनोरंजन के लिए नाव चलाना कनाडियन अनुभव का हिस्सा है

नाव चलाना कनाडा में मनोरंजन की बहुत लोकप्रिय गतिविधि है। शोध बताता है कि 46% कनाडियन एडल्ट्स मनोरंजन के लिए नाव चलाने की गतिविधियों[4] में भाग लेते हैं। लाइफसेविंग सोसाइटी द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया कि 31% नए कनाडियंस गर्मी के महीनों [3] में नाव चलाने की गतिविधियों में भाग लेने की योजना बनाते हैं।

इस प्रोग्राम को बनाते हुए, द लाइफसेविंग सोसाइटी ने नए कैनेडियन्स का फोकस ग्रुप्स संचालित किया जो उन समुदायों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जिनकी पहली भाषाएं मैंडारिन, कैंटोनीज, हिंदी, टगालोग और फ्रेंच हैं। इन ग्रुप्स से मिली प्रतिक्रिया ने यह पुष्टि की कि नए कैनेडियन्स नाव चलाने जैसी गतिविधियों में शामिल होना चाहते हैं, जिसे वे कैनेडियन अनुभव का हिस्सा मानते हैं।

**"... जब आप कनाडा में रहते हैं, आप कुछ करना चाहते हैं**
**जो आपने अपने घर में नहीं की और आप वह करना चाहते हैं जो कैनेडियन्स भी कर रहे हैं। "**

- टगालोग फोकस ग्रुप प्रतिभागी

स्टार्ट बोटिंग यूजर्स को चार वैसल्स के प्रकारों में से एक चुनने की अनुमति देता है-कैनो, कयाक, स्टैंड-अप पैडलबोर्ड (एसयूपी) और छोटी आउटबोर्ड मोटर नाव। इन वैसल्स में से कई एंट्री-लैवल क्राफ्ट का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अधिकतर नाव चलाने में नए लोगों द्वारा संचालित किए जाने की संभावना रखते हैं।

कनाडा में डूबने को लेकर हाल ही में हुए व्यापक अध्ययन, कैनेडियन ड्राउनिंग रिपोर्ट[5] में पाया गया कि कनाडा में कैनोज और पावरबोट्स मिलकर 5.5 मीटर के नीचे नाव से संबंधित सभी तरह की 46% मौतों के लिए जिम्मेदार है।

प्रारंभिक वीडियो एक परिवार की ओर से एक नाव चलाने की योजना बनाने से शुरू होती है, और परिवार जब अपनी यात्रा को जारी रखता है, यूजर अतिरिक्त वीडियोज पर क्लिक कर सकते हैं जो दिखाती है:

- क्या पहनना है और क्या पैक करना है;
- किस तरह से सही रास्ते, मैपिंग, मार्कर्स और जिन क्षेत्रों से बचना है उन्हें समझना;
- इमरजेंसी में सहायता के लिए कैसे कॉल करें;
- सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल कैसे करना है जिसमें निजी फ्लोटेशन डिवाइस कैसे फिट करनी है शामिल है
- पैडलिंग जैसे महत्वपूर्ण स्किल्स, अपनी नाव को शुरू करना और उसे सही करना और पानी से पुनः प्रवेश करना

वीडियोज देखने के बाद, फोकस ग्रुप प्रतिभागियों ने कहा कि उन्होंने बोटिंग को उस गतिविधि के तौर पर देखा जिसमें वह अपने परिवार के साथ भाग लेना चाहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोग्राम ने उन्हें यह समझने में मदद करि है, कि नाव को सिर्फ किराए पर लेना या खरीदना और पानी पर उतरने के बजाय बोटिंग में काफी कुछ और है। वीडियोज देखने के बाद वे सुरक्षित और अधिक तैयार महसूस दिखे।

**"इस वीडियो ने कयाकिंग में मेरी रूचि में काफी वृद्धि की है और मुझे इसमें हिस्सा लेने के लिए ज्यादा आत्म विश्वासी बनाया है।"**

-मैंडारिन फोकस ग्रुप प्रतिभागी

यह प्रोग्राम www.startboating.ca पर उपलब्ध है और विभिन्न पार्टनर वेबसाइट्स के माध्यम से भी लिंक हो सकेगा जिनमें कैनेडियन सेफ बोटिंग काउंसिल, पैडल स्मार्ट, एडवेंचरस्मार्ट.सीए (AdventureSmart.ca )और स्मार्टबोटर.सीए (Smartboater.ca.) शामिल हैं।

**डूबने और सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) घटनाओं के जोखिम को कम करना**

डूबने से बचाव के अलावा, प्रोग्राम के मुख्य लक्ष्यों में से एक है समुद्री सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) की घटनाओं की संख्या और गंभीरता को कम करना। जबकि नाव चलाने के दौरान डूबने की घटनाएं पिछले कई वर्षों से लगातार बनी हुई हैं, एसएआर की घटनाओं का बढ़ना जारी है।

लाइफसेविंग सोसाइटी को उम्मीद है कि स्टार्ट बोटिंग जैसे शैक्षणिक प्रोग्राम्स एसएआर की घटनाओं को रोकने में मदद करेंगे और सुरक्षित और जिम्मेदार नए बोटर्स बनाएँगे जिन्हें यह पता है कि जरूरत पड़ने पर मदद के लिए कैसे बुलाना है और मदद के आने तक इंतजार करते हुए कैसे बच कर रहना है।

स्टार्ट बोटिंग प्रोग्राम के लिए कंट्रीब्यूशन फंडिंग नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू सेक्रेटेरियट की ओर से प्रदान की गई थी जो कि कनाडा की सार्वजनिक सुरक्षा (पब्लिक सेफ्टी) का हिस्सा है।

**लाइफसेविंग सोसाइटी के बारे में**

द लाइफसेविंग सोसाइटी डूबने से रोकने के लिए डिजाइन किए गए प्रोग्राम्स, उत्पादों और सेवाओं का पूर्ण सेवा प्रदाता है। हम अपने प्रशिक्षण प्रोग्राम्स, वाटर स्मार्ट® पब्लिक एजुकेशन, ड्राउनिंग प्रीवेंशन रिसर्च, एक्वेटिक सेफ्टी मैनेजमेंट तथा लाइफसेविंग स्पोर्ट के माध्यम से जिंदगी बचाने और नाव चलाने के दौरान लगी चोट को रोकते हैं। हर साल, 1,000,000 से अधिक कैनेडियन्स सोसायटी के स्विमिंग, लाइफसेविंग, लाइफगार्डिंग और लीडरशिप प्रोग्राम्स में भाग लेते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृप्या www.lifesavingsociety.com देखें।

**कैनेडियन सेफ बोटिंग काउंसिल (सीएसबीसी) के बारे में**

सीएसबीसी पूरे कनाडा में सुरक्षित और जिम्मेदार बोटिंग को बढ़ावा देने के व्यवसाय में है। यह नाव चलाने के दौरान लगने वाली चोट और डूबने को रोकने के लिए प्रतिबद्ध सदस्यों का गठबंधन है और कॉमन कोर एजुकेशन मैसेजिस और रिसोर्स मैटीरियल प्रदान करने के अपने मिशन को हासिल करने का काम करता है जिसका उपयोग सदस्य बोटर्स के साथ अपने शिक्षा के प्रयासों में उपयोग कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृप्या www.csbc.ca देखें।

*******

इंटरव्यू शेड्यूल करने के लिए या अधिक जानकारी के लिए कृप्या संपर्क करें :

Ayesha Singh
Focus Communications Inc.
905-305-0308 ext. 215
ayeshas@focuscomms.com

**रेफरेंसेज**

1. स्टैटिसटिक्स कनाडा 2016। कनाडाज पॉपुलेशन एस्टीमेट्स :एज एंड सेक्स, 1 जुलाई, 2016 http://www.statcan.gc.ca/daily-quotidien/160928/dq160928a-eng.pdf **(2** जुलाई**, 2017** को असेस किया**)**
2. स्टैटिसटिक्स कनाडा 2017। स्टडी: ए लुक एट इमीग्रेशन, एथनोकल्चरल डायवर्सिटी एंड लैंग्वेजिस इन कनाडा उपटू 2036, 2011 से 2036 http://www.statcan.gc.ca/daily-quotidien/170125/dq170125b-eng.htm **(2, 2017** को असेस किया**)**
3. लाइफसेविंग सोसाइटी 2010। द इंफ्लूएंस आफ एथनीसिटी आन एक्वेटिक पार्टिसिपेशन एंड ड्राउनिंग
4. सीएसबीसी। 2015 सेफ बोटिंग अवेयरनेस वीक ट्रैकिंग स्टडी
5. लाइफसेविंग सोसाइटी। 2017 कनाडियन ड्राउनिंग रिपोर्ट